संचालनालय
कर्मचारी राज्य बीमा सेवायें, छ.ग.
इन्द्रावती भवन, ब्लॉक नं. सी, द्वितीय तल, नया रायपुर

दूरभाष क्र.–0771–2221351 **ईमेल–esiservices.raipur@gmail.com**

क्रमांक/न–1–29/स्था./अवि/2016/ रायपुर, दिनांक 23/06/2018

–काउंसिलिंग की सूचना–

काउंसिलिंग स्थल– शासकीय स्वशासी आयुर्वेद महाविद्यालय, जी.ई. रोड रायपुर (छ.ग.)

छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल रायपुर द्वारा आयोजित स्टाफ नर्स (ABSN18) भर्ती परीक्षा–2018 में प्राप्तांकों के आधार पर मेरिट सूची उपलब्ध कराई गई है, जिसके आधार पर **दिनांक 07.07.2018 को प्रातः 10.30 बजे से** काउंसिलिंग आयोजित है।

उक्त परीक्षा में सम्मिलित छत्तीसगढ़ के निवासी अभ्यर्थियों को श्रेणी/संवर्गवार काउंसिलिंग हेतु आमंत्रित किया जाता है। ऐसे उम्मीदवार जिनका प्रकाशित मेरिट सूची में प्राप्तांक श्रेणी/संवर्गवार निम्नानुसार है वे इस सूचना के आधार पर काउंसिलिंग में अवसर लेने हेतु उपस्थित हो सकते हैं–

दिनांक एवं समय	श्रेणी/संवर्ग	भर्ती परीक्षा के कुल प्राप्तांक
07.07.2018 प्रातः 10.30 बजे	दिव्यांगजन वर्ग	54.25 से 35.00
	भूतपूर्व सैनिक	49.75 से 25.00
	अनारक्षित	77.25 से 61.25
	अन्य पिछड़ा वर्ग	74.25 से 60.00
	अनुसूचित जाति	67.00 से 54.00
	अनुसूचित जनजाति	72.00 से 48.50

सभी उम्मीदवार निम्नलिखित दस्तावेजों के साथ उक्त निर्धारित स्थान, तिथि एवं समय पर स्वयं अथवा विषम स्थिति में स्वयं के द्वारा अधिकृत व्यक्ति (अधिकार पत्र सहित) द्वारा निम्नलिखित प्रमाण पत्रों/दस्तावेजों की मूल प्रति एवं स्वयं द्वारा अभिप्रमाणित 2–2 छायाप्रतियों के साथ उपस्थिति सुनिश्चित करें। निर्धारित तिथि एवं समय में उपस्थित नहीं होने पर पद हेतु आपकी दावेदारी नहीं रहेगी एवं इस हेतु पुनः अवसर नही दिया जावेगा। **काउंसिलिंग में उपस्थित होने का आशय यह कदापि नही है कि आपको विज्ञापित पद हेतु चयनित कर लिया गया है।**

1. व्यापम द्वारा जारी मूल/डुप्लीकेट प्रवेश पत्र।
2. नवीनतम पासपोर्ट साईज 2 फोटो।
3. हाई स्कूल 10 वीं की अंकसूची (जन्मतिथि सत्यापन हेतु)
4. हायर सेकेण्डरी (10+2) उत्तीर्ण अंकसूची।
5. बी.एस.सी. नर्सिंग/जनरल नर्सिंग तथा छ.ग. नर्सिंग परिषद में पंजीयन।
6. सक्षम अधिकारी द्वारा जारी छत्तीसगढ़ राज्य का निवास प्रमाण पत्र।
7. आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थियों हेतु सक्षम अधिकारी द्वारा जारी जाति प्रमाण पत्र।
8. यदि उच्चतम आयुसीमा में छूट चाही गई हो तो सक्षम अधिकारी द्वारा जारी प्रमाण पत्र।
9. अन्य पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थियों हेतु सक्षम अधिकारी द्वारा जारी आय प्रमाण पत्र।
10. अन्य अभिलेख जो आपने आवेदन में संलग्न/उल्लेखित किये हों।
11. भूतपूर्व सैनिकों तथा दिव्यांगजन वर्ग के अभ्यर्थी निर्धारित आरक्षण प्राप्त करने के लिये सक्षम अधिकारी द्वारा जारी किया गया प्रमाण पत्र तथा दस्तावेज के साथ उपस्थित हों।

23/6/18

संचालक
कर्मचारी राज्य बीमा सेवायें
रायपुर